न्यायालय सहायक कलक्टर बाप, जिला जोधपुर

भइजलास पीठासीन अधिकारी श्री महावीर सिंह (आर.ए.एस.)

वादी	बनाम	प्रतिवादीगण
मेहबूब पुत्र अलाबक्स जाति मुसलमान निवासी भड़ला तहसील बाप जिला जोधपुर।		1. तहसीलदार बाप 2. मैसर्स सुर्या उर्जा कम्पनी ऑफ राजस्थान लि. आर–20 युधिष्ठर मार्ग जयपुर हॉल भड़ला तह.बाप

राजस्व वाद अंतर्गत धारा 88,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम एवं धारा 14 (4) राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम राजस्व प्रार्थना अन्तर्गत आदेश 7 नियम 11 सहपठित धारा 151 सी.पी.सी.

क्रमा नम्बर :– 102/2018

स्थित अधिवक्ता :–

1. श्री राजेन्द्रसिंह सोलंकी वादीगण एवं अप्रार्थी
2. पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप प्रार्थी एवं प्रतिवादी

दिनांक :– 15.9.2020

निर्णय

वादी के वाद का सार संक्षिप्त में निम्न प्रकार से है कि वादी की खातेदारी की खसरा र 124 रकबा 3157.02 बीघा में से 45 बीघा संलग्न नजरी नक्शा अनुसार भूमि सरहद मौजा ला पटवार क्षेत्र नुरे की भुर्ज तहसील बाप में स्थित है। उक्त भूमि वक्त सेटलमेंट और टलमेंट से पहले से ही वादी के पूर्वजो का कब्जा काश्त था। सेटलमेंट के समय वादी के पूर्वज जदूरी करने हेतु बाहर गांव चले गये थे इसलिए खसरा नंबर 124 रकबा 3157.02 बीघा में से 5 बीघा भूमि उनके नाम राजस्व रेकर्ड में दर्ज नहीं कर राजकीय भूमि दर्ज कर दी गई। उक्त मि पर वादी के पूर्वजों का कब्जा काश्त पीढियों से चला आ रहा था उन्होनें अपने जीवन काल ही उक्त भूमि पर रहवासीय ढाणी, पानी के टांके, पशुओं के वाड़े इत्यादि बनाये थे। उक्त मि पर वादी का कब्जा काश्त आज दिन तक लगातार शान्तिपूर्वक चला आ रहा है वादी ने क्त भूमि का संलग्न नजरी नक्शा अनुसार चारों और खुंटे रोप कर तारबंदी की हुई है। वादी क्त भूमि का संलग्न नजरी नक्शा अनुसार अपनी खातेदारी की घोषणा करवाने का अधिकारी है जिसका यह वाद पेश है।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादी को जरिये समन तलब किया गया। प्रतिवादी पैरोकार सरकार ने जवाब पेश किया जो शामिल मिसल किया गया।

प्रतिवादी पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप ने उक्त वाद में प्रार्थना–पत्र आदेश 7 नियम 11 सहपठित धारा 151 सी.पी.सी का पेश किया जो शामिल किया गया। प्रतिवादी पैरोकार सरकार ने प्रार्थना पत्र में बताया कि वादी द्वारा प्रस्तुत वाद सरकारी भूमि पर खातेदारी देने हेतु प्रस्तुत किया है। जिसमें वादी को हर वर्ष समय–समय पर सरकारी भूमि से बेदखल किया है तथा वादी का कभी भी विवादग्रस्त भूमि पर लगातार कई वर्षो तक कब्जा काश्त नहीं रहने से विवादित भूमि पर वादी खातेदारी अधिकारी प्राप्त नहीं कर सकता है। उपरोक्त वाद प्रस्तुत करने का वादी को वाद करण ही पैदा नहीं होने से तथा सरकारी भूमि की खातेदारी की घोषणा से पूर्व वादी द्वारा कभी भी 80 सीपीसी का नोटिस नहीं दिया है जिसके अभाव में वादी का वाद चलने योग्य नहीं होने से इसी स्तर पर ही खारिज किये जाने योग्य है। वादी द्वारा प्रस्तुत वाद में वर्णित कथनों से तथा प्रस्तुत दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया वाद साबित नहीं होने से तथा वाद

Scanned by CamScanner

पैदा नही होने के अभाव मे तथा 80 सी.पी.सी. के नोटिस के अभाव मे वादी का वाद इसी
पर खारिज किये जाने योग्य है। वकील वादी ने उक्त प्रार्थना पत्र का जवाब पेश कर
कि वादीगण का उक्त वादग्रस्त भूमि पर पीढ़ियो से पुराना कब्जा मकाश्त है और वर्तमान
का वादग्रस्त भूमि उपनिवेशन क्षेत्र मे आती है इसलिए उक्त वादग्रस्त भूमि मे उपनिवेशन
लागू होते है और उपनिवेशन नियमो सहत सरकारी भूमि पर कब्जाधारी व्यक्ति को कब्जा
अनुसार खातेदारी दिये जाने के नियम है। वादी के नाम से समय समय पर खसरा
गिरदावरी पी–14 भी तैयार की गई है। जिससे साबित होता है कि वादीगण उक्त भूमि पर
था है तथा वादी का वाद दस्तावेजात से साबित है। प्रतिवादी ने वादी को मौके से बेदखल
पर उतारू थे इसलिए उक्त वाद आवश्यक प्रकृति का होने से 80(2) सी.पी.सी. का नोटिस
से प्रार्थना पत्र पेश किया था। उक्त वाद मे सरकारी पैरोकार द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पेश
है जो उक्त वाद मे लागू नही होता है।

उभय पक्षकारान की बहस सुनी गई। बहस पर मनन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। अन्तर्गत आदेश 7 नियम 11 सपठित धारा 151 सी.पी.सी अध्ययन किया गया। वाद मनन अवलोकन व चिन्तन के पाया गया कि वादी द्वारा राजकीय भूमि पर अनाधिकृत रूप से कब्जा कर उसके आधार पर घोषणात्मक वाद प्रस्तुत किया है। प्रार्थी तहसीलदार बाप ने अपने प्रार्थना पत्र मे बताया है कि अप्रार्थी (वादी) अतिकमी है वादी अतिक्रमण के आधार पर सरकारी भूमि को हड़पना चाहता है जो कि गलत है। प्रार्थी का वाद जरिये उक्त प्रार्थना पत्र के खारिज फरमाया जावे। प्रस्तुत वाद में किसी प्रकार अनुतोष प्राप्ति हेतु कोई सारवान तथ्य व दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। इस न्यायालय के विनम्र मे सरकारी भूमि पर एडवर्स पजेशन के आधार पर खातेदारी अधिकारों की घोषणा कर वादी खातेदारी अधिकार प्रदान किया जाना उचित नहीं है। इस संबंध में माननीय उच्चतर न्यायालयो द्वारा भी समय समय पर किये गये निर्णयों के अनुसार यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है कि सिर्फ एडवर्स पजेशन के आधार पर खातेदारी अधिकार नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायालय द्वारा धारा 151 सीपीसी के तहत इस प्रकार के प्रयोग, खर्चो तथा अनेक कियाओं के परिचालन से होने वाले समय के लिये तुच्छ प्रवृति के वादों को प्रारम्भिक स्तर पर ही वाद को खारिज किया जाना उचित है। ताकि न्यायालय का महत्वपूर्ण समय भी बचाया जा सके। उक्त प्रकरण मे वाद हेतुक ही प्रकट नहीं हुआ तथा वादी द्वारा धारा 80 सी.पी.सी. के नोटिस के अभाव मे तथा वाद के संलग्न प्रस्तुत 80 सी.पी.सी. के नोटिस की छूट का यथोपित तथा दस्तावेजी दस्तावेज के अभाव में बिनाय वाद पैदा ही नहीं हुआ हो ऐसे वाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता है प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है तथा वादी का वाद अन्तर्गत धारा 151 सी.पी.सी के मध्यनजर रखते हुए खारिज किया जाता है।

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 7 नियम 11 सपठित धारा 151 सी.पी.सी का स्वीकार किया जाकर वादी द्वारा प्रस्तुत वाद खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

निर्णय सरे ईजलास आज दिनांक 15.01.2020 को सुनाया गया।

(महावीर सिंह)
सहायक कलक्टर
बाप जोधपुर

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahaveer Singh
Date: 2020.01.20 11:48:20 IST
Reason: SelfAttested
Location: